Campaign to Make Women Literate

महिलाओं को साक्षर बनाने को चलाई मुहिम

वसुंधरा दीप ब्यूरो

काशीपुर। एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (ईजीजी) संस्था के तत्वावधान में मानपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गठित गर्ल्स पार्लियामेंट की छात्राओं द्वारा निरक्षर प्रौढ़ महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए मुहिम चलाई गई है। बालिका संसद की छात्राओं ने फिरोजपुर गांव की निरक्षर महिलाओं को शिक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली संस्था की ब्लॉक समन्वयक रजवन्त कौर ने बताया कि मानपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गठित गर्ल्स पार्लियामेंट की छात्राएं गांव फिरोजपुर की निरक्षर महिलाओं को चिंहित कर उन्हें साक्षर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। छात्राओं के प्रयास से अब तक दर्जनों महिलाओं को साक्षर बनाया जा चुका है। इस मुहिम में बालिका संसद की आकांक्षा, अनिकेत, वर्षा, संजना, अंकित, अतुल आदि छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा है।